## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए



**उज्जैन, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ.यादव 21 नवंबर को चिकित्सा महाविद्यालय का भूमि पूजन करेंगे। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने सोमवार 18 नवंबर को प्रातः चरक अस्पताल के सामने सामाजिक न्याय परिसर में कार्यक्रम स्थल पर की जा रही तैयारियों के संबंध में निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल तक पहुंच मार्ग का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जयति सिंह तथा नगर निगम अपर आयुक्त पवन सिंह आदि उपस्थित थे।

### विशाखा को कराते में स्वर्ण पदक, साउथ-वेस्ट में चयन

**उज्जैन, निप्र।** राजीव गांधी प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय द्वारा राज्यस्तरीय कराते प्रतियोगिता भोपाल में आयोजित की गई। इसमें विशाखा नवरंग ने 50 किलो वजन समूह में स्वर्ण पदक प्राप्त किया व साउथ-वेस्ट जोन में आगामी होने वाली स्पर्धा में चयनित हुईं। विशाखा ने बताया कि पूर्व में ऑक्सफोर्ड जूनियर कॉलेज के कोच सुधीर व्यास से प्रशिक्षण प्राप्त किया है व वर्तमान में इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्रा हैं तथा पूर्व में भी राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक अर्जित कर चुकी हैं।

### वाणिज्य अध्ययनशाला में कंपनी सेक्रेटरी कोर्स पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन



**उज्जैन, निप्र।** विक्रम विश्वविद्यालय के वाणिज्य अध्ययनशाला में कंपनी सेक्रेटरी (सीएस) कोर्स के महत्व पर एक विशेष मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया गया, जिसमें असिस्टेंट डायरेक्टर सीएस प्रवीण गुप्ता ने विद्यार्थियों को इस कोर्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कोर्स वाणिज्य विषय के छात्रों के लिए एक बेहतरीन व्यावसायिक अवसर है, जिसे ग्रेजुएशन के साथ किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेन्द्र कुमार भारल ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में जो भी अवसर मिले, उसका सदुपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रुचिका खण्डेलवाल ने किया और आभार डॉ. आशीष मेहता ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. नेहा माथुर, डॉ. परिमिता सिंह, और डॉ. नागेश पाराशर भी उपस्थित थे।

### श्री महाकालेश्वर मदिर में रुपये 1 लाख से अधिक की नगद राशि दान में प्राप्त



**उज्जैन, निप्र।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में नई दिल्ली के दीपक गोला द्वारा रुपये 1 लाख 11 हज़ार की नगद राशि श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति को दान में दी। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल द्वारा दानदाता का स्मृति चिन्ह, शाल व प्रसाद भेंट कर विधिवत रसीद प्रदान की गयी। इस अवसर पर अनुराग चौबे उपस्थित थे।

### खेत से निकलने की बात को लेकर मारपीट

**नागदा जं, निप्र।** गांव रोहलखूर्द में सोमवार की दोपहर में खेत से निकलने की बात को लेकर एक परिवार के चार सदस्यों पर टॉमी, लटठ् एवं धारिए से हमला कर दिया, जिससे एक युवक के सिर में गंभीर चोंट आई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में लिया। गांव रोहलखूर्द निवासी गोकूल पिता राजाराम चंद्रवंशी के विवाद सोमवार की दोपहर में खेत से निकलने की बात को लेकर संजय उर्फ बाबू पिता मदनलाल से हो गया। संजय ने किशन पिता विक्रम, संजय पिता विक्रम, तेजाराम पिता मदनलाल, मदनलाल पिता अमर के साथ मिलकर गोकूल, कला पति गोकूल, गोपाल पिता राजाराम, ज्योति पति गोपाल लट्ठ, टॉमी एवं धारिए से हमला कर दिया।

# प्रदेश के हर व्यक्ति तक पहुंचने में सोशल मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका

## सोशल मिडिया इन्फ्लुएंसर उज्जैन संभाग की एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** जनसंपर्क संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार संभागीय सोशल मिडिया इन्फ्लुएंसर की एक दिवसीय कार्यशाला इन्दौर रोड उज्जैन के मेघदुत होटल में सम्पन्न हुई। कार्यशाला का शुभारंभ जनसंपर्क संचालनालय के अपर संचालक संजय जैन के द्वारा किया गया। कार्यशाला में सोशल मिडिया इन्फ्लुएंसर विषयों के विशेषज्ञो ने अपने अपने महत्वपूर्ण विचार प्रकट कर उपस्थित सोशल मिडिया इन्फ्लुएंसरो को विभिन्न जानकारीयों से अवगत कराया। उन्होंने सोशल मिडिया को कैसे बेहतर किया जा सकता है और नवीन तकनीक का कैसे इस्तेमाल किया जाये इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। शासकीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं का समाज से जुड़ने की एक नई पहल की शुरूवात की गई। प्रदेश के हर व्यक्ति तक पहुंचने में सोशल मीडिया तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। कार्यशाला में सोशल मिडिया विशेषज्ञ योगेश शर्मा, डिजिटल बिजनेस ग्रोथ एक्सपर्ट सर्वेश पंचोली, फोटो एवं विडियो एडिटिंग एक्सपर्ट सतीश कुशवाह, तथा सरकारी कार्यक्रमों एवं योजनाओं का सोशल मिडिया एक्सपर्ट शुभम वर्मा आदि ने विस्तार से विभिन्न बिन्दुओं पर नवीन तकनिकी पहलुओं पर जानकारी से अवगत करवाया।




इन्फ्लुएंसर वह व्यक्ति होता है जिसके सोशल मिडिया या अन्य ऑनलाईन चेनलों पर महत्वपूर्ण फॉलोइंग होते है। इन्फ्लुएंसर के पास विशेषज्ञता, विश्वसनीयता और अपने दर्शकों की राय उनके व्यवहार आदि के निर्णयों को प्रभावित करने की क्षमता होती है। सोशल मिडिया इन्फ्लुएंसर डिजिटल क्रिएटर होते है। जिन्हें किसी खास क्षेत्र में विशेज्ञता हासिल होती है वैसे तो सोशल मिडिया में लाखो फॉलावर्स है जो की सोशल मिडिया में बहुत प्रचलित होते है। सोशल मिडिया एक ऑनलाईन प्लेटफार्म है जो लोगो को इंटरनेट के माध्यम से दुनिया भर में एक दुसरे से जुड़ने की अनुमति देता है। इसके माध्यम से लोग अपने विचार, फोटो, विडियो आदि संदेश प्रेषित करते है। कार्यक्रम का संचालन श्री आर्यन ने किया।

कार्यशाला में संचालनालय के संभागीय जनसंपर्क कार्यालय उज्जैन के उप संचालक अरूण कुमार राठौर, जनसंपर्क संचालनालय के उप संचालक सुनील कुमार वर्मा, तथा उज्जैन संभाग के जिलों के जनसंपर्क अधिकारीगण तथा संभाग के जिलों के लगभग 100 से अधिक सोशल मिडिया इन्फ्लुएंसर उपस्थित थे।

# आयुष्मान अतुल्य कार्ड : करिश्मा पंत

## विकसित भारत प्रर्दशनी मे उमड़ रही भीड़





विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र। कार्तिक मेले मे केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सूचना-प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नगर निगम के सहयोग से चल रही विकसित भारत प्रर्दशनी के दूसरे और तीसरे दिन हजारो दर्शको ने प्रर्दशनी का लाभ उठाया।**

प्रर्दशनी मे मालवी लोकगीत नृत्यो के जरिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओ की जानकरी मनोरंजक तरह से दी जा रही है, तो वही गीत संगीत से श्रोता लुफ्त उठा रहे है। केन्द्रीय संचार ब्यूरो के प्रचार अधिकारी दिलीप सिंह परमार ने बताया कि प्रश्नमंच के जरिए संवाद कर स्वच्छता अभियान, आयुष्मान भारत, उज्जवला योजना, मिशन इन्द्रधनुष, आवास योजना, पी.एम विश्वकर्मा, मुद्रा योजना के साथ ही कृषि, स्वास्थ्य, सडक,विज्ञान टेक्नोलाजी आदि पर केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओ की जानकारी दी रही है। इस अवसर पर सुश्री करिश्मा पंत (आई आई एस) ने दर्शको से संवाद करते हुए कहा कि स्वास्थ्य की दिशा मे सरकार ने आयुष्मान भारत के तहत सभी का ईलाज करने की कल्याणकारी पहल की है। उन्होने कहा कि आयुष्मान कार्ड एक अतुल्य कार्ड है, अब 70 वर्ष की आयु पार नागरिको को भी 5 लाख रूपये की सुविधा दी रही है।

प्रर्दशनी स्थल पर स्पेश पावर सेल्फी बूथ पर प्रधानमंत्री जी के साथ सेल्फी लेने मे दर्शको की होड सी लगी रही। इस दौरान प्रश्नमंच के माध्यम से केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में संवाद किया। सही जवाब देने वालों को पुरस्कृत किया गया। विभागीय कलाकारो द्वारा गीत संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना। साथ ही फिल्मी गीतो की प्रस्तुति मालवा सुर संगम उज्जैन की अध्यक्ष श्रीमति शीतल सिसोदिया के नेतृत्व मे शानदार फिलमी गीतो की शाम सजी।

ग्रामीण युवाओ के साथ ही महिलाओं ने भी पजल गेम में दिलचस्पी दिखाई। प्रचार अधिकारी श्री परमार ने बताया कि प्रर्दशनी 19 नवंबर की रात को समापन होगी।

### भगवान चंद्रमौलेश्वर ने जाना प्रजा का हाल



विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** श्री महाकालेश्वर मंदिर से भगवान श्री महाकालेश्वर की मार्गशीर्ष माह की पहली व कार्तिक- मार्गशीर्ष (अगहन) माह की तीसरी सवारी सोमवार 18 नवम्बर को सायं 04 बजे निकली। सवारी निकलने के पूर्व श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर स्थित सभामंडप में भगवान श्री महाकालेश्वर के श्री चन्द्रमौलीश्वर स्वरूप का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। पूजन उपरांत भगवान श्री चन्द्रमौलीश्वर रजत पालकी में विराजित होकर नगर भ्रमण पर प्रजा का हॉल जानने नगर भ्रमण पर निकले। इस दौरान पालकी को मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस बल के जवानों द्वारा भगवान को सलामी (गॉड ऑफ ऑनर) दिया गया। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक गणेश कुमार धाकड़ ने बताया कि, सवारी परंपरानुसार एवं पूर्ण गरिमामय तरीके से निकाली गई। सवारी श्री महाकालेश्वर मंदिर से महाकाल चौराहा, गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार, कहारवाडी होते हुए रामघाट पहुंची। वहॉ क्षिप्रा के जल से भगवान श्री चन्द्रमौलीश्वर का अभिषेक उपरांत सवारी रामघाट से गणगौर दरवाजा, मोढ की धर्मशाला, कार्तिक चौक, खाती का मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, ढाबा रोड, टंकी चौराहा, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी बाजार, होते हुए पुनः श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंची।

### श्री श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ में बोहरा परिवार द्वारा शतायु महोत्सव का आयोजन

विनय उजाला

**नागदा जं, निप्र।** मातुश्री कमलाबाई भेरूलालजी बोहरा के 102 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर चातुर्मास हेतु विराजित साध्वीजी महाराजसा विरागयशा श्री जी आदि 3 की पावनतम प्रेरणा से व निश्रा में तीन दिवसीय शतायु महोत्सव का आयोजन बोहरा परिवार द्वारा कलिकाल सर्वज्ञ प्रातःस्मरणीय गुरुदेव श्री राजेन्द्रसूरीजी के आँगन श्री राजेन्द्रसूरी जैन दादावाडी में संपन्न हुआ महोत्सव के प्रथम दिवस गोशाला में जीवदया एवं अन्नक्षेत्र में दरिद्रनारायनो को भोजन करवाया गया साथ ही शांतिनाथ पंच कल्याणक पूजन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सामायिक का आयोजन कांकरिया परिवार द्वारा करवाया गया। द्वितीय दिवस परमात्मा का शकृस्तव अभिषेक शांतिनाथ जिनालय पर संपन्न हुआ एवं दिन में नवपद पूजन श्री महावीर संगीत मंडल द्वारा पढ़ाई गई,रात्री मे संगीतमय मात्रपितृ वंदनावली का आयोजन हुआ जिसमें अभिषेक कोलन ,आयुष बोहरा व आशीष चौधरी ने संगीत की छटा से सभी श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। महोत्सव के तृतीय दिवस जिन मंदिरों के चेतय परिपाटी व मातुश्री के अक्षत व स्वर्ण रजत के पुष्पों से वधामने का आयोजन परिवार द्वारा किया गया, साथ ही सकल जैन श्रीसंघ के स्वामीवात्सल्य का आयोजन भी बोहरा परिवार द्वारा किया गया। महोत्सव में श्रीसंघ एवं मालवकेशरी चातुर्मास समिति व नगर के समस्त जैन ट्रस्ट द्वारा मातुश्री के शतायुवर्ष पूर्ण होने पर संघ अध्यक्ष राजेश धाकड़ के नेतृत्व में अभिनन्दन पत्र शाल श्रीफल एवं माला भेटकर मातुश्री का सम्मान कर आशीर्वाद लिया अभिनंदन पत्र का वाचन संघ सचिव मनीष सालेचा व्होरा द्वारा किया गया। नगर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा भी मातुश्री का बहुमान कर आशीर्वाद लिया व मातुश्री के दीर्घायु की कामना की।





**उज्जैन, निप्र।** चित्रपट अभिनेत्री श्रीमती शिल्पा शेट्टी और अभिनेता सुधांशु पाण्डे (अनुपमा धारावाहिक का वनराज) ने श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन किये। पूजन पुरोहित पीयूष चतुर्वेदी व विपुल चतुर्वेदी ने सम्पन्न करवाया।



### नाली निर्माण नहीं होने से खेत मालिक ने पांच फीट गहरी खाई खोदी

#### रहवासियों ने नगरपालिका पहुंचकर पीड़ा सुनाई, एक सप्ताह नाली निर्माण का आश्वासन

**नागदा जं, निप्र।** श्रीराम कॉलोनी की अजा बाहुल्य क्षेत्र में नाली निर्माण नहीं होने से खेत मालिक द्वारा चार से पांच फीट गहरी खाई जेसीबी से खोद दी, जिससे क्षेत्र के मकानों पर गिरने से खतरा मंडराने लगा। पार्षद पति के साथ क्षेत्रवासी सोमवार को नगरपालिका पहुंचे और सांसद प्रतिनिधि को समस्या से अवगत कराया, सांसद प्रतिनिधि ने अधिकारियों के साथ तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थल निरीक्षण समस्या समाधान करने के निर्देश दिए।

श्रीराम कॉलोनी में स्नेह स्कूल के सामने रहने वाले लोगों ने सोमवार को नगरपालिका पहुंचकर हंगामा किया। पार्षद पति भुपेंद्रसिंह राणावत के अनुसार क्षेत्र में नाली के अभाव में गंदे पानी की निकासी नहीं हो रही, खेत मालिक ने लगभग एक वर्ष पहले ही रहवासियों को चेतावनी दे दी थी कि नाली बनवालो, जब नाली नहीं बनी तो जेसीबी की मदद से चार से पांच फीट गहरी खाई खोद दी, जिससे मकान गिरने की संभावनाएं बढ़ गई।

पार्षद पति राणावत के साथ सोमवार की सुबह लगभग 11 बजे नगरपालिका पहुंचे, सूचना मिलने पर सांसद प्रतिनिधि ओपी गेहलोत समस्या सुनने के लिए पहुंचे, रहवासियों ने नाली निर्माण करने की मांग करी, तो सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि पीआईसी या परिषद के सम्मेलन में लाकर निर्माण कार्य किया जाएगा। पार्षद पति राणावत ने कहा कि सरस्वती स्कूल के लिए सडक़ निर्माण के लिए स्वीकृति 13 लाख में मात्र 7 लाख रुपए शेष बचे है संबंधित ठेकेदार से नाली निर्मार्ण कार्य तुरंत शुरु करवाया जाए।

# लक्ष्य से अधिक नवसाक्षरों को किया शामिल, उज्जैन जिले को मिला प्रशस्ति पत्र



विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** उल्हास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में म्रध्यप्रदेश में 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों को 2027 तक प्रदेश को सम्पूर्ण साक्षर करने का लक्ष्य रखा गया है। भारत के सभी राज्यो में विगत चार परिक्षाओं मे सर्वाधिक नवसाक्षरों को शामिल करने के कारण म्रध्यप्रदेश प्रथम स्थान पर रहा है। म्र.प्र. के 52 जिलो में से उज्जैन की साक्षरता टीम द्वारा 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सर्वाधिक नव साक्षरों को उज्जैन जिले को प्राप्त लक्ष्य 76558 के स्थान पर 80100 शामिल करने पर जिला प्रशासन एवं टीम को प्रशस्ति पत्र राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक द्वारा प्रदान किया है।

यह उपलब्धि जिला कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में उनकी टीम को उत्कृष्ट कार्य करने पर सरहाना करते हुए राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक ने प्रशस्ति पत्र जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी अशोक त्रिपाठी को प्रदान किया है। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने उक्त उपलब्धि के लिए जिला साक्षरता मिशन कि टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। कलेक्टर ने टीम को आगे भी इसी तरह कार्य करने हेतु निर्देशीत कीया है।

जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी ने प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया की वर्ष 2011 की जनगणना में उज्जैन जिले में 5 लाख 50 हजार 571 असाक्षर हैं। आज दिनांक तक 1 लाख 61 हजार 856 साक्षर हो चुके है। श्री त्रिपाठी ने अपिल की है की असाक्षर स्वयं भी अपने समीप के प्राथमिक या माध्यमिक शालाओं में जाकर साक्षर होने हेतू अपना पंजीयन कर सकते है। कोई भी पढ़े लिखे व्यक्ति अपने आस-पास के असाक्षरों को साक्षरता कक्षाओं में शामिल कर सकते है।

### खातेगांव खाटू श्याम मंदिर पर स्थापना दिवस पर होंगे विभिन्न आयोजन

# शोभायात्रा, विशाल भजन संध्या फलियारी खिचड़ी की महाप्रसादी

अनिल उपाध्याय

**खातेगांव।** जिला मुख्यालय देवास से 130 किलोमीटर दूर तहसील मुख्यालय खातेगांव में मन की मुरादे पूरी करने वाले हारे का सहारा खाटू श्याम मंदिर पर स्थापना दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

बाबा खाटू श्याम समिति के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि बाबा खाटू श्याम की प्राण प्रतिष्ठा के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर 1 दिसंबर दोपहर 3 बजे से नगर के पुलिस थाना स्थित दुर्गा मंदिर से विशाल शोभायात्रा एवं बाबा खाटू श्याम के सूरजगढ़ के साथ बाबा श्याम खातेगांव नगर के प्रमुख मार्गो से इस वर्ष स्थापना दिवस पर निकलने वाले ऐतिहासिक समारोह की तैयारी प्रारंभ की गई है आयोजन समिति के द्वारा सभी



तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है 1 दिसंबर को दोपहर 3ः बजे से दो दिवसीय आयोजन की शुरुआत होगी, इस वर्ष शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण भगवान श्री कृष्ण राधा की जीवंत झांकी एवं वृंदावन के गीतों पर अलौकिक नृत्य के साथ ही बाहुबली हनुमान जी की जीवंत झांकी भी भक्त श्रद्धालुओं के लिए मनमोहन रहेगी इसी के साथ विभिन्न विद्यालयों की श्रेष्ठ झांकी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी, डीजे ढोल बैंड बाजों के घोड़े, बग्गी, अखाड़े, साथ बाबा का जयकारा करते हुए श्याम प्रेमी सड़कों पर दिखाई देंगे। शाम को बाबा की आरती के साथ महाप्रसाद का वितरण होगा। 2 दिसंबर को अल सुबह से ही बाबा के दरबार में अनेक अनुष्ठान होंगे श्रद्धालुओं की श्रद्धा भक्ति आस्था का केंद्र खातेगांव नगर के बाबा खाटू श्याम के परिसर में 2 दिसंबर को रात्रि 8ः बजे से बाबा श्याम की प्रसिद्ध भजन गायिका पूजा प्रजापति ब्यावरा एवं प्रसिद्ध भजन गायक शुभम राणा इंदौर म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा बाबा के श्रेष्ठ भजनों की अलौकिक प्रस्तुतियां दी जाएगी, बाबा का अलौकिक श्रृंगार होगा, इत्र वर्षा होगी, बाबा के दरबार में विशाल भजन संध्या 56 भोग के साथ 5 कुंटल फलियारी खिचड़ी महा महाप्रसाद के आयोजन में दूर-दूर से भक्त श्रद्धालु पहुंचेंगे।

### बच्चो के मॉडल देश को एक नई दिशा देने का कार्य करते हैं : मुकेश तिवारी



**सुसनेर, निप्र।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी सुसनेर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश तिवारी,विकासखंड स्त्रोत समन्वयक अधिकारी राधेश्याम पाटीदार,संकुल प्राचार्य के एल मालवीय,संतोष भेनियां,विजय जैन, मुकेश पालीवाल, रामदयाल गुर्जर आदि अतिथियों की उपस्थिति में प्रदर्शनी प्रारंभ की गई। मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश तिवारी ने अपने उद्बोधन में बच्चो के द्वारा निर्मित मॉडल के माध्यम से देश को नए आयाम तक पहुंचने का मार्ग बताया साथ सभी प्रतिभागियों की मेहनत सहराहना की गई। कार्यक्रम का संचालन नवाचारी शिक्षक भेरूलाल ओसारा द्वारा किया गया। जिसके पश्चात अतिथियों के द्वारा 6 जनशिक्षा केंद्र के चयनित बच्चों के मॉडल का विज्ञान प्रदर्शनी में अवलोकन किया गया।

